दुनिया के मालिक को,
भगवान कहते है,
संकट के साथी को,
हनुमान कहते है,
संकट के साथी को,
हनुमान कहते है।।

जब रिश्तेदार तुमसे,
मुखड़ा छुपाए,
हनुमान तेरा साथ निभाए,
हनुमान तेरा साथ निभाए,
जब दुनिया वाले,
दे ना सहारा,
हनुमान पकड़े दामन तुम्हारा,
हनुमान पकड़े दामन तुम्हारा,
पढ़ लो सारे वेद और,
पुराण कहते है,
संकट के साथी को,
हनुमान कहते है।।

जो काम इसके,
वश में नहीं है,
एक काम हमको ऐसा बता दो,
एक काम हमको ऐसा बता दो,
हनुमान खुश,

हो जायेंगे तुमसे,
बस इनको थोड़ा सिंदूर लगा दो,
बस इनको थोड़ा सिंदूर लगा दो,
दुनिया के सारे,
इंसान कहते हैं,
संकट के साथी को,
हनुमान कहते है ।।

दिल से जो इनकी,
भक्ति करेगा,
हनुमान उसका साथी बनेगा,
हनुमान उसका साथी बनेगा,
'बनवारी' जो भी,
शरण में रहेगा,
ये उसका बेड़ा पार करेगा,
ये उसका बेड़ा पार करेगा,
इनके बारे में,
श्रीराम कहते है,
संकट के साथी को,
हनुमान कहते है ।।

दुनिया के मालिक को,
भगवान कहते है,
संकट के साथी को,
हनुमान कहते है,
संकट के साथी को,
हनुमान कहते है ।।

Source:
https://www.bharattemples.com/duniya-ke-malik-ko-bhagwan-kahte-hai-hindi/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw